LATEST

# NEWS

# Election

## Date : 18th Jan. 2026

# Office of Chief Electoral Officer Rajasthan

https:/election.rajasthan.gov.in/

Follow us on:

CEORAJASTHAN

हेल्पलाइन 1950

# 'अल्पसंख्यकों व दलितों के वोट काटने का दबाव'

**जयपुर @ पत्रिका.** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह के जयपुर दौरे के बाद 16 तक नाम कटवाने की संख्या 18,896 हो गई। महज 7 दिन में 18 हजार से ज्यादा नाम कटवाने का यह 'ज्ञान' अचानक कहां से आया? आदर्श नगर विधायक रफीक खान ने कहा कि भाजपा ने बीएलए व बीएलओ पर दबाव बनाकर अल्पसंख्यकों और दलित वर्ग के वोट काटने को कहा है। इधर, भाजपा विधायक बालमुकुंदाचार्य ने कहा है कि एसआइआर पर कांग्रेस नेता निराधार बयानबाजी कर रहे हैं। एसआइआर का विरोध बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों के वोट कटने की आशंका से उपजा है। यही कारण है कि कांग्रेस में बौखलाहट है।

Raj. Patrika

दैनिक भास्कर
जयपुर 18-01-2026

### डोटासरा के निर्देश पर हर ब्लाक में पार्टी कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपे

# SIR : 426 जिला, तहसील, उप तहसीलों में कांग्रेस ने दर्ज कराया विरोध

जयपुर | एसआईआर के तहत मतदाता सूचियों में फेरबदल के विरोध को लेकर इस बार कांग्रेस की सभी तहसील, उप तहसील और जिला स्तरीय इकाइयां सक्रिय हो चुकी है। पिछले सप्ताह में पहली बार 426 जिला, तहसील, उप तहसील कार्यालयों में पर एक साथ एसआईआर का विरोध दर्ज कराया गया। ज्यादातर एसडीएम कार्यालयों में कांग्रेस की स्थानीय टीमों ने ज्ञापन सौंपे। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देश पर पूरे स्टेट में इसको लेकर अभियान चला। कांग्रेस हाईकमान के निर्देश पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आपत्ति दर्ज कराई है कि मतदाता सूची में गड़बड़ी की जा रही है। बिना नोटिस किसी का नाम नहीं हटाने की मांग रखी। मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया पर सवाल उठाए। प्रदेश में वर्तमान में चल रही एसएसआर प्रक्रिया के तहत प्रारूप मतदाता सूची जारी होने के बाद फॉर्म-6, 7 और 8 के माध्यम से नाम जोड़ने और हटाने के आवेदन लिए गए। इसकी अंतिम तिथि 15 से बढ़ाकर जनवरी की गई है। कांग्रेस का आरोप है कि भारतीय जनता पार्टी के दबाव में कांग्रेस समर्थित मतदाताओं के नाम बड़ी संख्या में मतदाता सूची से काटने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकतम 10 फॉर्म की सीमा है। लेकिन एक ही दिन में 500 से 700, हजारों फॉर्म जमा किए गए हैं। कई मामलों में मतदाताओं के फर्जी हस्ताक्षर किए गए। कांग्रेस ने प्रदेश व्यापी चेतावनी दी कि यदि फर्जीवाड़ा जारी रहा, तो कांग्रेस पार्टी चुनाव आयोग से लेकर सड़क तक आंदोलन करेगी।

## वोट की चोट को कमजोर करने की साजिश : जूली

पीसीसी चीफ बोले-हमने इस बार 400 से अधिक एसडीएम और अन्य



अफसरों को ज्ञापन देकर मतदाता सूचियों में की जा रही गड़बड़ी को उजागर किया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा- इससे बड़ा सबूत और क्या चाहिए कि राजस्थान में किस बेशर्मी से 'वोट की चोट' को कमजोर करने की साजिश रची जा रही है? प्रदेश में वोटों की चोरी नहीं, बल्कि लूट की जा रही है। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि प्रशासन और निर्वाचन आयोग की भूमिका पर यह गंभीर प्रश्नचिह्न है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन की यह जिम्मेदारी है कि वे सुनिश्चित करें कि इस तरह का गैर कानूनी काम न हो। उनसे मेरी मांग है कि इस 'जालसाजी' में शामिल लोगों और मूकदर्शक बने अधिकारियों के खिलाफ तुरंत आपराधिक प्रकरण दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

दैनिक भास्कर
जयपुर 18-01-2026

## पूर्व पार्षद अकबर खान के मतदाता सूची में नाम दर्ज होने पर ही आपत्ति दर्ज की

# आदर्श नगर विधानसभा में SIR मैपिंग के बाद 8 हजार नाम सूची से काटेः रफीक

जयपुर | जयपुर शहर के आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रफीक खान ने एसआईआर मैपिंग के बाद अपने विधानसभा क्षेत्र से 8 हजार मुस्लिम व दलित लोगों के नाम मतदाता सूची से काटने का गंभीर आरोप भाजपा व चुनाव आयोग पर लगाया है। एमएलए रफीक खान एक प्रेस वार्ता कर जिन लोगों के नाम पर आपत्तियां दर्ज की है, उनको बुलाया। साथ ही जिन लोगों के नाम काट गए उनके लिए आपत्ति दर्ज होने के फॉर्म-7 की प्रतिलिपियां भी दिखाईं।

उन्होंने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनावों में उनके सामने खड़े हुए भाजपा प्रत्याशी रवि नैयर ने ही एक ही दिन में 400 से अधिक फॉर्म -7 पर अपने हस्ताक्षर कर मुस्लिमों व दलितों के दर्ज नामों पर आपत्तियां दर्ज करवाई है। नियमानुसार कोई भी बीएलए एक दिन में 10 से अधिक फॉर्म-7 प्रस्तुत नहीं कर सकता। उनका कहना है कि नैयर कभी मोहल्ला महावतान में नहीं गए लेकिन उन्होंने बुजुर्गों के वोटर होने पर भी आपत्ति दर्ज करवाई है। नगर निगम हेरिटेज के वार्ड 89 के पार्षद अकबर खान के मतदाता सूची में नाम दर्ज होने पर ही आपत्ति दर्ज कर ली गई।

## जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर भी सुनवाई नहीं कर रहे



खान का कहना है कि विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक प्रक्रिया सामान्य थी। नाम जोड़ने एवं काटने की अंतिम तिथि 15 जनवरी से ठीक दो दिन पूर्व भाजपा सरकार ने एक सुनियोजित साजिश के तहत कांग्रेस समर्थित मतदाताओं के नाम सूची से हटवाने का प्रयास शुरू कर दिया। नाम काटने का टारगेट पूरा नहीं हुआ तो आपत्तियां दर्ज करवाने का समय 4 दिन बढ़ा कर 19 जनवरी कर दिया गया।

### फर्जी हस्ताक्षरों से सूची से नाम काटने का प्रयास

वास्तविकता यह है कि जिनके नाम से आपत्तियां हैं, वे मतदाता अपने पते पर ही निवासरत हैं। जिन बीएलए के नाम से फॉर्म-7 पर हस्ताक्षर दर्शाए हैं, वे स्वयं यह स्पष्ट कर रहे हैं कि ये हस्ताक्षर उनके नहीं हैं। फर्जी हस्ताक्षरों के माध्यम से मतदाता सूची से नाम काटने का प्रयास किया गया है।

### चुनाव कराने का औचित्य नहीं रहेगा

एमएलए खान का आरोप है कि निर्वाचन विभाग भी सरकार और भाजपा नेताओं के दबाव में कार्य कर रहा है। यह सीधे-सीधे जनादेश पर कब्जा करने का प्रयास है। इस फर्जीवाड़े और कूटरचित प्रयासों में शामिल लोगों पर एफआईआर दर्ज कराएंगे। इस गंभीर मुद्दे को सदन से लेकर सड़क तक उठाया जाएगा।

### किशनपोल विधायक भी लगा चुके आरोप

मतदाता सूची से नाम हटाने का आरोप किशनपोल विधायक अमीन कागजी भी लगा चुके। उनका आरोप है कि भाजपा कार्यकर्ताओं व जिला निर्वाचन अधिकारी मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं को लेकर फॉर्म -7 के माध्यम से मतदाताओं के नाम हटाने पर आमदा है।

## विशेष पुनरीक्षण में ECI के निर्देशों का पालन, आपत्तियों का होगा निस्तारण

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेंद्र सोनी ने स्पष्ट किया कि जिले में चल रहे चुनाव आयोग के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूचियों में दावे और आपत्तियां पूरी तरह निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के निर्देशों के अनुसार ही प्राप्त की गई हैं। इन सभी दावों व आपत्तियों का निस्तारण भी तय प्रक्रिया और नियमों के तहत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी अयोग्य व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो और कोई भी योग्य मतदाता सूची से वंचित न रहे।

पंजाब केसरी
SUN, 18 JANUARY 2026
EDITION: JAIPUR, PAGE NO. 1

# 'राजस्थान में हो रहा है लोकतंत्र का चीरहरण'

## गहलोत, जूली और डोटासरा ने एसआईआर को लेकर भाजपा को घेरा

जयपुर, 17 जनवरी (ब्यूरो): एसआईआर को लेकर प्रदेश में जमकर सियासत हो रही है। अलवर के रामगढ़ में भाजपा के बीएलए के नाम पर एक दिन में एसआईआर के तहत 1383 फर्जी आपत्तियों के मामले में कांग्रेस ने निशाना साधा है। पूर्व सीएम अशोक गहलोत, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और पीसीसी गोविंद सिंह डोटासरा ने भाजपा पर लोकतंत्र का चीरहरण करने का आरोप लगाया है।

गहलोत ने एक्स पर लिखा कि राजस्थान में लोकतंत्र का चीरहरण किस स्तर पर हो रहा है। रामगढ़ (अलवर) का मामला इसका सबूत है। एक ही दिन में 1383 फर्जी आपत्तियां, वो भी भाजपा के बीएलए के नाम पर, जब खुद बीएलए हस्ताक्षर से इनकार कर रहे हैं तो यह स्पष्ट है कि यह 'वोट चोरी' नहीं, बल्कि कूटरचित दस्तावेजों से जनादेश पर डकैती डालने का सुनियोजित षड्यंत्र है। पूरे प्रदेश में भाजपा ने ऐसा प्रयास किया पर इनका भंडाफोड़ हो गया। प्रशासन और निर्वाचन आयोग की भूमिका पर यह गंभीर प्रश्नचिह्न है।

## गड़बड़ी पर भाजपा पर लगाए गंभीर आरोप



पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार से एसआईआर प्रक्रिया की गड़बड़ी पर सवाल पूछते हुए भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। डोटासरा ने एक्स पर लिखा है कि ज्ञानेश कुमार.. राजस्थान में ये कौनसी एसआईआर प्रक्रिया चल रही है? कितने सबूत चाहिए प्रदेश की हर विधानसभा में वोट चोरी के जो षड्यंत्र हो रहे हैं, वो लोकतांत्रिक व्यवस्था नहीं, बीजेपी की बेशर्मी की पराकाष्ठा है। बाड़मेर में एक ही व्यक्ति द्वारा 188 वोटर्स के नाम पर फर्जी आपत्तियां, अलवर के रामगढ़ में एक दिन में 1383 ऑफलाइन आपत्तियां, फर्जी हस्ताक्षर, फर्जी मोबाइल नंबर, हर विधानसभा में दबाव बनाना, नियमों को ताक पर रखकर बल्क फॉर्म जमा करना, प्रशासन द्वारा फॉर्म स्वीकार करना, ये किस स्तर पर फर्जीवाड़ा चल रहा है?


## अमित शाह सीक्रेट डेटा सौंप गए क्या?



नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि क्या गृहमंत्री अमित शाह जयपुर दौरे पर भाजपा को कोई 'सीक्रेट डेटा' सौंप कर गए थे? या प्रशासन को कोई 'ऊपर' से लिस्ट थमाई गई है? एसआईआर के आंकड़े बहुत बड़े षड्यंत्र की ओर इशारा कर रहे हैं। 9 जनवरी तक भाजपा को पूरी वोटर लिस्ट में केवल 4 नाम हटाने लायक मिले और 10 जनवरी को अमित शाह का जयपुर दौरा और मुख्यमंत्री निवास में तीन घंटे की गुप्त मंत्रणा। इसके बाद 16 जनवरी तक भाजपा की ओर से अचानक यह नाम कटवाने की आधिकारिक संख्या 18,896 हो गई। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि भाजपा के इस 'गुप्त डेटा' और दबाव में आकर अगर एक भी वैध मतदाता का नाम काटा, तो कांग्रेस सड़कों पर उतरेगी। लोकतंत्र का अपहरण हम नहीं होने देंगे। इससे बड़ा सबूत और क्या चाहिए कि प्रदेश में किस बेशर्मी से 'वोट की चोट' को कमजोर करने की साजिश रची जा रही है? अलवर के रामगढ़ में भाजपा के के नाम से हजारों फर्जी आपत्तियां दी गई। अब पोल खुलने पर वे खुद मुकर रहे हैं। यह सिर्फ बानगी है कि प्रदेश में किस तरह वोटों की चोरी नहीं, बल्कि लूट की जा रही है। उन्होंने कहा है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी तुरंत संज्ञान ले।

दैनिक नवज्योति
Jaipur City - 18 Jan 2026 - Page 5

# एसआईआर को लेकर कांग्रेस की अनर्गल बयानबाजी निराधार: बालमुकुंदाचार्य



ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। भाजपा के हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य ने कांग्रेस नेताओं के एसआईआर प्रक्रिया को लेकर दिए जा रहे बयानों को निराधार और भ्रामक बताया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एसआईआर भारत की संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग की ओर से निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ कराया जा रहा है, जिसका उद्देश्य मतदाता सूची से बाहरी व्यक्ति, मृत व्यक्ति और डुप्लीकेट नामों को हटाना है। महाराज ने कहा कि राजस्थान में इसी चुनाव आयोग ने उपचुनाव भी पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराए हैं, जिनमें भाजपा और कांग्रेस को भी जनादेश मिला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को बार-बार झूठे और व्यर्थ के आरोप लगाने से कोई लाभ नहीं होने वाला।

Indian Express

# SIR row: Cong alleges mass voter deletions, BJP says don't hinder

**Parul Kulshrestha**
*Jaipur, January 17*

A PURPORTED video of a distressed Booth Level Officer (BLO) from Rajasthan alleging political pressure to delete hundreds of voters during the ongoing Special Intensive Revision (SIR) has sparked a political row, with the Congress accusing the ruling BJP of orchestrating mass voter deletions.

In the video, which recently went viral, the BLO, Kirti Kumar, a government teacher, from the Hawa Mahal Assembly constituency in Jaipur, is purportedly heard threatening to kill himself after an unseen caller allegedly pressured him to delete several names from the voter list without following procedure.



Adarsh Nagar MLA Rafeek Khan addresses the media. EXPRESS

Speaking to *The Indian Express*, Kirti Kumar claimed he was under "intense pressure to remove 450 names from his area". "I was talking to the area councillor who was pressuring me to delete the names. How am I supposed to do that without following the procedure? After my video went viral, senior officials intervened and told me to follow the rulebook," Kirti claimed.

The Congress claimed it reflects a broader pattern of voter erasure across Rajasthan. The party alleged that the BJP submitted pre-filled Form 7 applications to delete thousands of minority and Congress-supporting voters in every constituency during the SIR — an allegation the ruling party firmly denied.

In response to the allegations against him, Suresh Saini, councillor of Ward 13 of the Jaipur Municipal Corporation (Heritage), denied any wrongdoing and claimed there was "large-scale fraud" in his area. "Fake addresses are being used to register fake voters. I raised objections and applied for the removal of such names with supporting evidence. This amounts to voter fraud by the Congress," he said.

Balmukund Acharya, BJP MLA from Hawa Mahal, where the BLO's purported video surfaced, held a press conference dismissing the Congress allegations as "baseless". "It seems that Congress party leaders have lost their mental balance," he said.

democratic process alive. The Commission is working efficiently. The Congress won a seat in Rajasthan during the recent bypolls; why didn't they object then? Congress needs to fight on real issues." According to data published by Rajasthan's Chief Electoral Officer, the BJP has submitted 18,896 Form 7 applications for voter deletions, while the Congress has submitted two. Among those who claimed their names were deleted is Congress councillor Akbar Pathan.

Pathan, a councillor from Jaipur's Ward No. 89, claimed while speaking to *The Indian Express* that a form submitted in his name falsely claimed he does not live in Jaipur.

"The BJP BLA who submitted the Form 7 application in my name lives near my house and meets me every day," he claimed. At a press conference on January 17, Adarsh Nagar MLA Rafeek Khan accused BJP leader Ravi Kumar Nayyar, who lost the 2023 Assembly polls to him, of recommending the deletion of 400-500 names using "false information". "Everything was going smoothly with the SIR until two days before the January 15 deadline, when a conspiracy was allegedly hatched to delete Congress-supported voters' names. In Adarsh Nagar, thousands of deletions were recommended in minority-dominated areas through forged Form 7s," he alleged.

When contacted, Nayyar

living in Uttar Pradesh and Bihar. In Alwar, the Congress alleged that around 10,000 Form 7 applications were submitted to the district collector's office seeking deletion of Congress-supporting voters' names.

"When I asked who had submitted these forms, officials refused to disclose the name," claimed Balram Yadav, president of the Congress unit in Alwar's Kishangarh-Tijara. "On checking a few forms, we found that both the applicant and the person whose name was sought to be deleted were Muslims. When we contacted these voters, they denied submitting any forms." Calls and text messages to district collector Artika Shukla went unanswered.

In Barmer, a complainant has approached the police, alleging that a Form 7 submitted in his name was forged. At a press conference on Thursday, state Congress chief Govind Singh Dotasra and Leader of the Opposition Tikaram Jully accused the BJP of submitting thousands of pre-printed applications overnight, calling it a "direct attack on democracy and the fundamental right to vote".

The BJP dismissed the allegations as an attempt to "hinder the electoral process". "This isn't the first time SIR is being conducted in India," Rajasthan Deputy Chief Minister Premchand Bairwa said. "People whose names are registered at two places, or who are deceased, are the ones whose

FIRST INDIA

18 January 2026

# Speeding roadways bus kills BLO on election duty

First India Bureau

Alwar

In a tragic road accident in Kishangarhbas police station area of Khairthal on Saturday, a BLO on election duty died on the spot after being hit by a roadways bus.

Mahesh Kumar Khati, 39, was crushed by the speeding bus around 9:15 am near the Bambora Ghata Hanuman Temple. Kumar died on the spot. The deceased was a resident of Alwar Road, behind Vinayak Sonography.

Police have sent the body to CHC Kishangarhbas for post-mortem and a case has been registered against the bus driver on the complaint of the deceased's brother. Irate local residents have demanded strict action against the negligent driver.

FIRST INDIA

18 January 2026

# Gehlot alleges 1,300 fake objections in Alwar draft voter roll

First India Bureau

Jaipur

Former Rajasthan Chief Minister Ashok Gehlot on Saturday alleged that democracy was being undermined in the state during the ongoing Special Intensive Revision (SIR) of electoral rolls. Citing the Ramgarh Assembly constituency in Alwar, he claimed that 1,383 objections were filed in a single day using forged signatures in the name of BJP Booth Level Agents. Gehlot demanded FIRs and strict action against those involved, urging election officials to conduct the process with fairness and integrity. He also criticised new guidelines for the upcoming Rajasthan Assembly session, calling them unconstitutional and detrimental to legislative accountability, and demanded their immediate withdrawal.



Former Rajasthan Chief Minister Ashok Gehlot

Meanwhile, Congress MLA Rafeek Khan accused BJP leader Ravi Nayyar of filing objections in constituencies where he is not a registered voter. Khan alleged that the BJP was running a politically motivated campaign to delete voters' names and called on election authorities to ensure transparency and fairness in the revision process.

# Cong MLA accuses BJP govt of manipulating voter list in SIR

TIMES NEWS NETWORK TOI

**Jaipur:** Congress MLA Rafiq Khan accused the BJP govt of attempting to manipulate the voter list during the ongoing Special Intensive Revision (SIR) process in Rajasthan.

He alleged that just two days before the Jan 15 deadline, a conspiracy was carried out to delete the names of Congress voters by pressuring booth level officers (BLOs) through BJP booth level agents (BLAs).

Khan said, "In my Adarsh Nagar Assembly constituency, especially in minority-dominated areas such as the Ramganj block, thousands of voters' names were recommended for deletion. The reason cited was that these voters no longer live in the area. This is false as the voters continue to reside there."

TOI



Congress MLA Rafiq Khan addresses a press conference

He alleged that Form-7 applications recommending deletions carried forged signatures of BLAs, who themselves denied signing the forms. The MLA claimed that the BJP candidate who contested against him in the Assembly elections personally recommended the deletion of 400–500 voters' names using fake signatures, in violation of rules that allow a BLA to submit no more than 10 Form-7 applications per day.

दैनिक भास्कर टोंक 18-01-2026

# बिना ठोस कारण फॉर्म-7 जमा करने का आरोप, निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन दिया



टोडारायसिंह। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस कार्यकर्ता।

भास्कर न्यूज़ | टोडारायसिंह

मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर टोडारायसिंह में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी टोडारायसिंह अध्यक्ष एम. इस्लाम एडवोकेट की अगुआई में कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एवं एसडीएम अमित चौधरी को ज्ञापन सौंपकर बिना किसी ठोस कारण और विवरण के बड़ी संख्या में फॉर्म-7 व फॉर्म-6 जमा किए जाने पर आपत्ति जताई है।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बताया कि राजस्थान में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया जारी है। प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 12 दिसंबर 2025 को किया गया था तथा दावे एवं आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि 12 दिसंबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक तय रही। इसके बावजूद नियमों की अनदेखी करते हुए एक ही दिन में सैकड़ों संख्या में फॉर्म जमा किए जाने की सूचना मिली है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि इलेक्टोरल मैनुअल 2023 के पैरा 11.3.2(2) के अनुसार ब्लॉक में आवेदन स्वीकार नहीं किए जा सकते। साथ ही, एक मतदाता केवल एक ही फॉर्म जमा कर सकता है। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के बीएलए-2 प्रतिदिन अधिकतम 10 फॉर्म ही जमा कर सकते हैं। इसके बावजूद एसडीएम कार्यालय में नियमों के विरुद्ध सामूहिक रूप से फॉर्म-7 और फॉर्म-6 जमा कराए जाने का आरोप लगाया गया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मांग की है कि नियम विरुद्ध जमा किए गए फॉर्म-6, 7 एवं 8 की संकलित सूची कांग्रेस पार्टी को उपलब्ध कराई जाए। ऐसे आवेदनों पर किसी प्रकार का संज्ञान न लिया जाए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मतदाता सूची से छेड़छाड़ लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए गंभीर खतरा है। निर्वाचन प्रशासन को इस मामले में त्वरित व निष्पक्ष कार्रवाई करनी चाहिए।

अध्यक्ष एम इस्लाम, रामगोपाल नागर, उमाकांत भारद्वाज, गफ्फार मास्टर, आजाद देसवाली, राजेश मोडकिया, बावड़ी मंडल अध्यक्ष राम सिंह, मनोज चांगल, अब्दुल मुत्तलिब, राजेश सैनी, कलीम मोहम्मद सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मतदाताओं के नाम हटाने का आरोप



रानोली। ज्ञापन देने पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ता।

भास्कर न्यूज़ | रानोली

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने नियमों के खिलाफ फॉर्म-7 भरकर कांग्रेस समर्थित मतदाताओं के नाम हटाने के आरोप लगाते हुए पीपलू एसडीएम गणराज बडगौती को जिला निर्वाचन अधिकारी टोंक के नाम ज्ञापन सौंपा।

एसआईआर प्रक्रिया के तहत कई बूथों से वर्षों से निवासरत मतदाताओं के नाम काटने के फर्जी आवेदन निर्वाचन आयुक्त के पास पहुंचे हैं। फॉर्म-7 संवैधानिक नियमों का उल्लंघन कर भरे जा रहे हैं। कुछ मतदाताओं के नाम मूल बूथ से हटाकर अन्य बूथों पर स्थानांतरित भी किए जा रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा नेताओं द्वारा बीएलओ पर दबाव डालकर यह साजिश रचने का आरोप लगाया। इसे आम नागरिक के मताधिकार पर हमला बताया। झूठे आवेदनकर्ताओं पर सख्त कार्रवाई व सभी आवेदनों की निष्पक्ष जांच की मांग की।

एसडीओ गणराज बडगौती ने कहा कि उनके पास एक भी फॉर्म-7 नहीं आया, निवाई एसडीओ के पास हो सकता है, ज्ञापन उनके पास भेज दिया। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जयनारायण मीणा, पर्यावरण प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव घासीलाल चौधरी, एससी विभाग प्रदेश सचिव राहुल गजवानिया, शहर अध्यक्ष शिवराज बैरवा, कोषाध्यक्ष गोविंदनारायण चौधरी, प्रशासक अब्दुल करीम, यूथ कांग्रेस प्रदेश संयोजक तैयब देशवाली, पूर्व सरपंच सुरेश यादव, महबूब जवाली, केदार चौधरी, ह्यूमन राइट्स जिला अध्यक्ष सूरजमल मीणा, प्रवीण सहित अन्य उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर
कोटा 18-01-2026

विवादों में SIR | बूथ 26 का बीएलओ बोला-सभी नाम डायरेक्ट कलेक्ट्रेट से आए थे, लेकिन कटने जैसा एक भी नहीं

# कोटा में वोट चोरी हो गए... भाजपा BLA लोकेश ने 120 नाम काटने की अपील की, भास्कर ने ढूंढ़ा- अधिकांश घर पर ही थे

संडे बिग स्टोरी

आशीष जैन | कोटा

कोटा दक्षिण विधानसभा क्षेत्र की भाग संख्या 26 (आदर्श नगर बंजारा कॉलोनी) में लोकेश नाम के एक व्यक्ति ने फॉर्म-7 में 120 नामों पर आपत्ति दी हैं। यह खेल दो दिन 14-15 जनवरी को हुआ। इस बूथ पर कुल मतदाता 1017 हैं।

अकेले लोकेश को 11.7% नामों पर आपत्ति है। उसने इन वोटर्स को अनुपस्थित या स्थायी रूप से दूसरी जगह शिफ्ट बताया है। भास्कर टीम ने पड़ताल की तो सामने आया कि जिन नामों पर आपत्ति (अपील) की, उनमें से ज्यादातर उनके घरों पर ही थे। बाकी का भी यहीं रहना बताया, लेकिन कहीं गए हुए थे। लोकेश इस भाग संख्या में भाजपा का बीएलए 2 बताया गया है।

## पति-पत्नी के नाम से खुद का नाम हटाने की आपत्ति

बोले- हमने आपत्ति नहीं की



रावतभाटा रोड के श्याम नगर बूथ संख्या 221 निवासी नारायण सुमन और उनकी पत्नी निर्मला सुमन ने खुद ही अपने नामों पर आपत्ति करते हुए फॉर्म-7 भरा है। वोटर लिस्ट में क्रमांक 194 पर नारायण और 195 पर उनकी पत्नी निर्मला का नाम है। दोनों में कारण स्थायी रूप से शिफ्ट होना लिखा है। भास्कर दोनों के पास पहुंचा तो बोले-हम क्यों अपने नाम कटवाने के लिए फॉर्म भरेंगे? ऑटो चालक नारायण ने बताया- मैं 1990 से रह रहा हूं। यह समझ ही नहीं आया कि किसने मेरे नाम से फॉर्म भर दिए।

## मुश्ताक, महबूब, रईस, शाहरूख बोले- हम बरसों से यहीं रह रहे, यह हमारे नाम काटने की साजिश है



लोकेशन ने भाग संख्या 26 के क्रमांक 410 के वोटर मुश्ताक अहमद, क्रमांक 274 के वोटर महबूब हुसैन, क्रमांक 424 के वोटर रईस बाबू अंसारी, क्रमांक 177 के शाहरूख और क्रमांक 393 की कल्लो बाई की भी आपत्ति दी है। यह सभी भास्कर को बंजारा कॉलोनी में ही मिल गए, बोले-हम सालों से यहां रह रहे हैं, अभी हाल ही में एसआईआर की पूरी प्रक्रिया हुई, तब हमने अपने फॉर्म भरे हैं। बीएलओ खुद हमसे मिलकर गया है, सारी प्रक्रिया कराई है, इसके बावजूद हमारे नामों पर आपत्ति क्यों? यह नाम काटने की साजिश है। वे बोले-सभी यहीं रहते हैं, आप कहें तो हम बुला दें इस सभी को।



बूथ 221 के वोटर क्रमांक-69 के मनोज रावल के साथ भी ऐसा ही हुआ। उनके खुद के नाम से ही कोई आपत्ति कर गया। मनोज भास्कर से बोले- 20 साल से यहां रह रहा हूं, कहीं दूसरी जगह नाम जुड़वाने का सवाल ही नहीं, फिर आपत्ति क्यों करूंगा। लगता है किसी ने साजिश रचकर आपत्ति की।

## सीधी बात

संजय कछावा, बीएलओ भाग 26

- **आपके भाग संख्या में लोकेश नाम के व्यक्ति ने इतनी सारी आपत्तियां कैसे की, कोई खास वजह?**

- यह मुझे पता नहीं, कलेक्ट्रेट से ही हमारे पास फॉर्म आए, जो हमको ऑनलाइन करने थे। मेरे भाग संख्या में सभी आपत्तियां लोकेश की ही है।

- **क्या एक व्यक्ति इतने नामों पर आपत्तियां दर्ज करा सकता है?**

- शायद नहीं करा सकता, लेकिन इसका आपको उच्चाधिकारी ढंग से बता पाएंगे।

- **क्या इन लोगों ने जिन नामों पर आपत्तियां की, वे सभी फर्जी हैं?**

- एक भी गलत नहीं है, सभी लोग यहीं रह रहे हैं और मैंने अपनी रिपोर्ट भी सबमिट कर दी है।

भास्कर ने लोकेश से बात की तो वह बोला-जो लोग नहीं रहते, उनके नामों पर आपत्ति दर्ज कराई है। संख्या मुझे पता नहीं कि कितनी लगाई है। इसके बाद उसने कॉल काटकर मोबाइल स्वीच ऑफ कर दिया। मोबाइल लगातार बंद ही आ रहा था।

## झूठी आपत्ति पर 1 साल सजा

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 के तहत मतदाता सूची से संबंधित कार्यवाही में जानबूझकर झूठी जानकारी देता है या गलत घोषणा करता है तो उसे 1 साल तक की कैद या जुर्माना अथवा दोनों हो सकते हैं। बीएनएस में भी ऐसे प्रकरणों में कार्रवाई के प्रावधान हैं।

*एक व्यक्ति बतौर थर्ड पार्टी ज्यादा आपत्ति कर सकता है, लेकिन आपत्ति का मतलब यह कतई नहीं है कि नाम काटा जाएगा। जितनी भी आपत्तियां आई हैं, उनकी जांच हो रही है। बीएलओ उन पर रिपोर्ट देंगे, उसके आधार पर नाम काटने या नहीं काटने का फैसला लिया जाएगा। गलत नाम किसी का भी नहीं कटेगा।*

**- अनिलकुमार सिंघल,** एडीएम सिटी

दैनिक भास्कर 18.01.2026

# एसआईआर; जमा कराए गए फॉर्म 6, 7 और 8 की सूची दिलवाने की मांग

भास्कर संवाददाता | चूरू



चूरू. एसडीएम को ज्ञापन देता प्रतिनिधि मंडल।

एसडीएम कार्यालय में कांग्रेस शहर व देहात ब्लॉक कमेटी के प्रतिनिधि मंडल ने एसआईआर में बड़ी संख्या में फॉर्म 7 जमा किए जाने के संबंध में त्वरित हस्तक्षेप के लिए अनुरोध तथा जमा किए गए फॉर्म 6, 7 व 8 की सूची उपलब्ध कराने की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में लिखा है कि एसआईआर में दावे व आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि 15 जनवरी थी। नियमानुसार इलेक्ट्रॉल मेन्युअल 2023 के पैरा संख्या 11.3.2 (2) के अनुसार बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त नहीं किए जा सकते है। व्यक्तिगत मतदाता केवल एक ही फॉर्म प्रस्तुत कर सकता है। वहीं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के बीएलए प्रतिदिन अधिकतम 10 फॉर्म ही जमा करा सकते हैं। जानकारी मिली है कि एसडीएम कार्यालय में नियमों के खिलाफ एक राजनीतिक दल के कार्यकर्ताओं द्वारा बड़ी संख्या में एक ही दिन में बड़ी संख्या में फॉर्म 7 व फॉर्म 6 प्रस्तुत किए गए हैं। ऐसे सभी जमा करवाए गए फॉर्म 6, 7 व 8 की संकलित सूची कांग्रेस पार्टी को नियमानुसार उपलब्ध करवाई जाए। ज्ञापन देने वालो में पीसीसी सचिव रियाजत खां, चूरू शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धांधू, धर्मेंद्र बुडानिया, जिला उपाध्यक्ष जमील चौहान, मोहम्मद हुसैन निर्बाण, रमजान खान, अबरार खां, असलम खां मोयल, अजीज दिलावरखानी, विमल शर्मा, आरिफ रिसालदार, शिवकुमार शर्मा आदि शामिल थे।

# SIR को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली

भास्कर संवाददाता | चूरू



कार्यकर्ताओं को निर्देश देते पीसीसी उपाध्यक्ष मंडेलिया।

कांग्रेस शहर व देहात ब्लॉक कार्यालय में शनिवार को पीसीसी उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया ने एसआईआर को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक ली। मंडेलिया ने एसआईआर की गड़बड़ी व अनियमितताओं को लेकर चर्चा की। कार्यकर्ताओं से सजग रहने के निर्देश दिए।

मंडेलिया ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने दावे व आपत्तियां दाखिल करने की तिथि 15 से बढ़ाकर 19 जनवरी कर दी है। इस अवसर पर पीसीसी सचिव रियाजत खां, चूरू शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धांधू, पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया, धर्मेंद्र बुडानिया, आशाराम सैनी, मोहम्मद हुसैन निर्बाण, रमजान खान, अबरार खां, सोहनलाल मेघवाल, रामप्रताप कांटिवाल, अली मोहम्मद भाटी, असलम खां मोयल, अजीज दिलावरखानी आदि उपस्थित थे। संचालन जिला उपाध्यक्ष जमील चौहान ने किया।

# राज के दबाव में लोकतंत्र को कमजोर करने में लगी हुई है भाजपा : बुडानिया

भास्कर न्यूज | तारानगर



विधायक बुडानिया अपने आवास पर पहुंचे लोगों की शिकायत सुनते।

एसआईआर के तहत बन रही मतदाता सूची में गलत तरीके से वोट काटने की आ रही शिकायतों पर तारानगर विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण विधायक निवास पर स्थानीय विधायक नरेन्द्र बुडानिया से मिले। आक्रोशित ग्रामीणों ने सरकार व सरकार के नुमाइंदों पर वोट काटने की शिकायत की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस समर्थित व जातिगत वोट काटने का प्रयास किया जा रहा है।

बुडानिया ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वे इसके लिए संघर्ष करेंगे। बुडानिया ने कहा कि भाजपा के लोग राज के दबाव में लोकतंत्र को कमजोर करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी या बीएलओ किसी तरह के दबाव में कोई गलत काम करेगा उनके खिलाफ कार्रवाई करवाई जाएगी। इस मौके पर हरि सिंह बेनिवाल, कृष्ण कुमार सहारण, रामस्वरूप झाझड़िया, पार्षद बाबू हुसैन, मास्टर प्रताप मेघवाल, जुगलाल बरवड़, प्रकाश मेघवाल, बूंदे खां, विमला कालवा, पन्नालाल कस्वां, दिनेश खंडेलवाल, मान सिंह सैनी, भंवरु खां, कुंदन सैनी आदि उपस्थित थे।

राजस्थान पत्रिका 18.01.2026

# मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर कांग्रेस की बैठक आयोजित

**चूरू @ पत्रिका.** शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया ने मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में रफीक मंडेलिया ने एसआइआर की गडबडी व अनियमितताओं को लेकर चर्चा की गई तथा कार्यकर्ताओं से सजग रहने का आह्वान किया गया।

रफीक मंडेलिया ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने दावे व आपत्तिया दाखिल करने की तिथि 15 से बढाकर 19 जनवरी कर दी है। जिस तरह से भाजपा की ओर से



अधिकृत बीएलए की ओर से मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया में बिना किसी ठोस कारण एवं विवरण के बडी संख्या में फॉर्म-7 जमा किए जा रहे हैं दावे व आपत्तिया दाखिल करने की तिथि बढने के कारण यह संख्या और अधिक हो सकती है। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष जमील चौहान ने किया। इस अवसर पर पीसीसी सचिव रियाजत खां, चूरू शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धान्धू, पूर्व सभापति गोविन्द महनसरिया, पं.स. अ प्रतिपक्ष धर्मेन्द्र बुडानिया, आशाराम सैनी, मो. हुसैन निर्बाण, रमजान खान आदि मौजूद रहे।

# विधायक बुड़ानिया से की शिकायत

**तारानगर @ पत्रिका.** एसआइआर के तहत बन रही मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी और वोट काटने की आशंका को लेकर तारानगर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण और कार्यकर्ता विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया से मिले। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरकार के नुमाइंदे और प्रशासनिक अधिकारी राजनीतिक दबाव में आकर वोटिंग प्रक्रिया में हेरफेर कर सकते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि 15 जनवरी को आपत्तियों की अंतिम तारीख थी, जिसे निर्वाचन आयोग ने 19 जनवरी कर दी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस पक्ष के वोट और जातिगत वोट काटने की कोशिश की जा रही है। विधायक बुड़ानिया ने ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि किसी भी जायज वोट को कटने नहीं दिया जाएगा। इस अवसर पर हरिसिंह बेनिवाल, विमला कालवा, कृष्ण सहारण, मानसिंह सैनी, कुंदन सैनी, पन्नालाल कस्वां, भंवरू खां, अजीज खां, जैसाराम मेघवाल, दौलतराम मेघवाल, प्रकाश मेघवाल, मुंशी खां, दिनेश प्रजापत, जगदीश सहारण, रामस्वरूप झाझड़िया, सुरेंद्र पूनिया सहित कई ग्रामीण और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एसआइआर को लेकर कांग्रेस ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**चूरू.** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी व राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया के निर्देशानुसार चूरू शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में जिला निर्वाचन अधिकारी चूरू व निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी विधानसभा चूरू को मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया में बिना किसी ठोस कारण एवं विवरण के बडी संख्या में फॉर्म-7 जमा किए जाने के संबंध में त्वरित हस्तक्षेप करने के लिए अनुरोध तथा जमा किए गए फॉर्म-6,7 एवं 8 की संकलित सूची उपलब्ध कराने के संबंध में ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि प्रदेश में मतदाता पुनरीक्षण की प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संचालित की जा रही है। 12 दिसम्बर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जा चुका है तथा दावे एवं आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि 12 दिसम्बर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई थी। नियमानुसार इलेक्टोरल मैन्युअल 2023 के पैरा संख्या 11.3.2 (2) के अनुसार ब्लॉक आवेदन प्राप्त नहीं किए जा सकते है। व्यक्तिगत मतदाता केवल एक ही फॉर्म दावा अथवा आपत्ति के लिए प्रस्तुत कर सकता है, जबकि मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के बीएलए-2 प्रतिदिन अधिकतम 10 फॉर्म ही जमा करा सकते हैं।

फॉर्म में मतदाता की संपूर्ण जानकारी, उसका मोबाइल नंबर साक्ष्य अंडरटेकिंग संलग्न होना आवश्यक है। जानकारी प्राप्त हुई है कि एसडीएम कार्यालय में नियमों के विरूद्ध एक राजनैतिक दल के कार्यकर्ताओं की ओर से बल्क में एक ही दिन में सैकडों से लेकर हजारों की संख्या में फॉर्म 7 एवं फॉर्म 6 प्रस्तुत किए गए हैं, जो कि स्पष्ट रूप से निर्वाचन आयोग के निर्देशों का उल्लंघन है तथा ऐसे आवेदनों पर किसी भी प्रकार का संज्ञान नहीं लिया जाए। ऐसे सभी नियम विरूद्ध जमा फॉर्म-6, 7 एवं 8 की संकलित सूची कांग्रेस पार्टी को नियमानुसार उपलब्ध करवाई जाएं। बल्क में जमा हुए आवेदनों पर किसी प्रकार का संज्ञान नही लिया जाए। साथ ही नियम विरुद्ध आवेदन प्रस्तुत करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराकर आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जाए।

इस अवसर पर पीसीसी सचिव रियाजत खां, चूरू शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धान्धू, पं.स. प्रतिपक्ष नेता धर्मेन्द्र बुडानिया, जिला उपाध्यक्ष जमील चौहान, मो. हुसैन निर्बाण, रमजान खान, अबरार खां, असलम खां मोयल, अजीज दिलावरखानी, विमल शर्मा, आरिफ रिसालदार, शिवकुमार शर्मा आदि मौजुद रहें।

दै आस पास 18.01.2026

# कांग्रेस ने मतदाता सूची गड़बड़ी पर की चर्चा

## एसआईआर व फॉर्म-7 में अनियमितताओं पर जताई चिंता

**चूरू ( दैनिक आस-पास )।** शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस में शनिवार को पीसीसी उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया से संबंधित गड़बड़ियों और अनियमितताओं पर चर्चा की गई। रफीक मंडेलिया ने एसआईआर ( सिर) की गड़बड़ियों और अन्य अनियमितताओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इस संबंध में सजग रहने का आह्वान किया। मंडेलिया ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी से बढ़ाकर 19 जनवरी कर दी है। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि भाजपा द्वारा अधिकृत बीएलए ( बूथ लेवल एजेंट) मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया में बिना किसी ठोस कारण या विवरण के बड़ी संख्या में



फॉर्म-7 जमा कर रहे हैं। दावे और आपत्तियां दाखिल करने की तिथि बढ़ने के कारण ऐसे फॉर्म की संख्या और अधिक हो सकती है। इसलिए, पार्टी के सभी बीएलए और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सजग रहने की आवश्यकता है। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष जमील चौहान ने किया। इस अवसर पर पीसीसी सचिव रियाजत खां, चूरू शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर दांदू, पूर्व सभापति गोविन्द महनसरिया, धर्मेन्द्र बुडानिया, आशाराम सैनी, मो. हुसैन निर्वाण, रमजान खान, अबरार खान, सोहनलाल मेघवाल, असलम खान मोयल, अजीज दिलावरखानी, विमल शर्मा, आरिफ रिसालदार, शिवकुमार शर्मा, ताराचंद बाठिया, हेमन्त सिहाग, अनीस खान, विनोद खटीक, तोफिक खान, समीउल्लाह, सुरेश फोगावट, दीपिका सोनी, नवाब खां, सुशील स्वामी और कुरडाराम भाकर सहित कई अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# एसआईआर के तहत बन रही मतादाता सूची में काटे जा रहे वोट

## शिकायत लेकर सैकड़ों ग्रामीण पहुंचे विधायक के पास, सरकार व सरकार के नुमाइंदो पर लगाया वोट काटने का आरोप, ग्रामीणों ने प्रदेशभर में उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

**तारानगर।** एसआईआर के तहत बन रही मतदाता सूची में गलत तरिके से वोट काटने की आ रही शिकायतों पर तारानगर विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण विधायक निवास पर स्थानीय विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया के साथ चर्चा की।आक्रोशित ग्रामीणों ने सरकार व सरकार के नुमाइंदौ पर आरोप लगाते हुए कहा कि 15 जनवरी आपतियों की अंतिम तारीख थी जिन्हे निर्वाचन आयोग ने 19 जनवरी कर दी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि हमें शक है कि सरकार के लोग इसमें गड़बड़ कर सकते है। ग्रामीणों ने ये भी आरोप लगाया है कि जो कांग्रेस पक्ष के वोट थे वो काटने की कोशिश की जा रही है एवं जातिगत वोट काटने की कोशिश की जा रही है जो हम हरगिज नहीं होने देंगे अगर ऐसा होता है पूरे प्रदेश भर में ऐतिहासिक उग्र आंदोलन होगा। विधायक बुड़ानिया ने आये हुए समस्त ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि ज़ब तक मेरे शरीर में प्राण है तब तक आपके लिए लड़ता रहूंगा कोई भी जायज वोट नहीं कटने दूंगा। इस मौके पर कृष्ण कुमार सहारण, हरिसिंह बेनिवाल, बाबूहुसैन कुरैशी, विमला कालवा, भंवरू खा, अजीज खां, जैसाराम मेघवाल, जुगलाल बरोड़, दौलतराम मेघवाल, पन्नालाल कस्वां, प्रकाश मेघवाल, मुंशी खाँ, दिनेश प्रजापत, जगदीश सहारण, रामस्वरूप झाझड़िया मानसिंह सैनी, कुंदन, विधानसभा क्षेत्र में आसपास के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# प्ताह का समापन



जयपुर टाइम्स 18.01.2026

# कांग्रेस ने मतदाता सूची गड़बड़ी पर की चर्चा, अनियमितताओं पर जताई चिंता

**जयपुर टाइम्स**

**चूरू(निस)।** शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस में शनिवार को पीसीसी उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया से संबंधित गड़बड़ियों और अनियमितताओं पर चर्चा की गई। रफीक मंडेलिया ने एसआईआर (सिर) की गड़बड़ियों और अन्य अनियमितताओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इस संबंध में सजग रहने का आह्वान किया। मंडेलिया ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी से बढ़ाकर 19 जनवरी कर दी है। उन्होंने चिंता व्यक्त जताई कि भाजपा की ओर से अधिकृत बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया में बिना किसी ठोस कारण या विवरण के बड़ी संख्या में फॉर्म-7 जमा कर रहे हैं। दावे और आपत्तियां दाखिल करने की तिथि बढ़ने के कारण ऐसे फॉर्म की संख्या और अधिक हो सकती है। इसलिए, पार्टी के सभी बीएलए और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सजग रहने की आवश्यकता है। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष जमील चौहान ने किया। इस अवसर पर पीसीसी सचिव रियाजत खां, चूरू शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर दांदू, पूर्व सभापति गोविन्द महनसरिया, धर्मेन्द्र बुडानिया, आशाराम सैनी, मो. हुसैन निर्वाण, रमजान खान, अबरार खान, सोहनलाल मेघवाल, असलम खान मोयल, अजीज दिलावरखानी, विमल शर्मा, आरिफ रिसालदार, शिवकुमार शर्मा, ताराचंद बाठिया, हेमन्त सिहाग, अनीस खान, विनोद खटीक, तोफिक खान, समीउल्लाह, सुरेश फोगावट, दीपिका सोनी, नवाब खां, सुशील स्वामी और कुरडाराम भाकर सहित कई अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# एसआईआर के तहत बन रही मतदाता सूची पर तारानगर में बवाल

## वोट काटने के आरोपों को लेकर सैकड़ों ग्रामीण विधायक बुड़ानिया से मिले

**जयपुर टाइम्स**

**तारानगर(निस)।** एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) के तहत तैयार की जा रही मतदाता सूची में कथित रूप से गलत तरीके से वोट काटे जाने के आरोपों को लेकर तारानगर विधानसभा क्षेत्र में असंतोष गहराता जा रहा है। इसी को लेकर क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने विधायक निवास पहुंचकर स्थानीय विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया से मुलाकात की और अपनी आपत्तियां दर्ज कराईं। ग्रामीणों ने सरकार और सरकारी तंत्र पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मतदाता सूची में गड़बड़ी की जा रही है। उन्होंने बताया कि पहले आपत्तियां दर्ज कराने की अंतिम तिथि 15 जनवरी तय थी, जिसे निर्वाचन आयोग ने बढ़ाकर 19 जनवरी कर दिया, लेकिन इसके बावजूद कई वैध मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि इस प्रक्रिया में जानबूझकर गड़बड़ी की जा सकती है। ग्रामीणों का आरोप है कि विशेष रूप से कांग्रेस समर्थक और जातिगत आधार पर वोट काटने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जायज मतदाताओं के नाम हटाए गए तो पूरे प्रदेश में ऐतिहासिक और उग्र आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों की बात सुनते हुए विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया ने उन्हें भरोसा दिलाया कि वे हर जायज वोट की रक्षा के लिए पूरी ताकत से लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि जब तक मेरे शरीर में प्राण हैं, तब तक मैं आपके अधिकारों के लिए संघर्ष करता रहूंगा और किसी भी निर्दोष मतदाता का वोट कटने नहीं दूंगा। इस अवसर पर कृष्ण कुमार सहारण, हरिसिंह बेनिवाल, बाबू हुसैन कुरैशी, विमला कालवा, भंवरू खां, अजीज खां, जैसाराम मेघवाल, जुगलाल बरोड़, दौलतराम मेघवाल, पन्नालाल कस्वां, प्रकाश मेघवाल, मुंशी खां, दिनेश प्रजापत, जगदीश सहारण, रामस्वरूप झाझड़िया, मानसिंह सैनी, कुंदन सैनी सहित तारानगर विधानसभा क्षेत्र व आसपास के गांवों से आए सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने एक स्वर में मतदाता सूची को पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से तैयार करने की मांग करते हुए कहा कि लोकतंत्र की नींव मताधिकार है और इसके साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जनमाानस शेखावाटी न्यूज 18.01.2026

# रफीक मंडेलिया ने मतदाता पूर्ण निरीक्षण प्रक्रिया को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली

जनमानस शेखावाटी न्यूज़

**चूरू/मोहम्मद अली पठान:** जिला मुख्यालय स्थित चूरू शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस चूरू में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया ने मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में रफीक मंडेलिया ने एसआईआर की गडबडी व अनियमितताओं को लेकर चर्चा की गई तथा कार्यकर्ताओं से सजग रहने का आह्वान किया गया।

रफीक मंडेलिया ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने दावे व आपत्तिया दाखिल करने की तिथि 15 से बढाकर 19 जनवरी कर दी है। जिस तरह से भाजपा पार्टी द्वारा अधिकृत बीएलए द्वारा मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया में बिना किसी ठोस कारण एवं विवरण के बडी संख्या में फॉर्म-7 जमा किए जा रहे है दावे व आपत्तिया दाखिल करने की तिथि बढने के कारण यह संख्या और अधिक हो सकती है इसलिए समस्त पार्टी के बीएलए व कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सजग रहने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष जमील चौहान ने किया। इस अवसर पर पीसीसी सचिव रियाजत खां,



चूरू शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धान्धू, पूर्व सभापति गोविन्द महनसरिया, पं.स. प्रतिपक्ष नेता धर्मेन्द्र बुडानिया, आशाराम सैनी, मो. हुसैन निर्बाण, रमजान खान, अबरार खां, सोहनलाल मेघवाल, रामप्रताप काटिवाल, अली मो. भाटी, असलम खां मोयल, अजीज दिलावरखानी, विमल शर्मा, आरिफ रिसालदार, शिवकुमार शर्मा, ताराचंद बाठिया, हेमन्त सिहाग, अनिस खान, विनोद खटीक, तोफिक खान, समीउल्लाह, अनिस खां पार्षद, सुरेश फोगावट, दीपिका सोनी, नवाब खां, सुशील स्वामी, कुरडाराम भाकर आदि मौजुद रहें।

# मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

जनमानस शेखावाटी न्यूज़

**चूरू/मोहम्मद अली पठानः** मतदाता पुनरीक्षण की प्रक्रिया में अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी, विधानसभा चूरू को ज्ञापन सौंपकर त्वरित हस्तक्षेप की मांग की।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं प्रदेश उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया के नेतृत्व में चूरू शहर एवं देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा यह ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बिना ठोस कारण एवं आवश्यक विवरण के बड़ी संख्या में फॉर्म-7 जमा किए जाने पर आपत्ति जताई गई तथा अब तक जमा किए गए फॉर्म-6, 7 एवं 8 की संकलित सूची उपलब्ध कराने की मांग की गई।

ज्ञापन में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजस्थान प्रदेश में मतदाता पुनरीक्षण की प्रक्रिया संचालित की जा रही है। 12 दिसम्बर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया था तथा 12 दिसम्बर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां दर्ज करने की अवधि निर्धारित की गई थी।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि इलेक्टोरल मैनुअल 2023 के पैरा 11.3.2 (2) के अनुसार बल्क में आवेदन स्वीकार नहीं किए जा सकते। एक मतदाता केवल एक ही फॉर्म (दावा अथवा आपत्ति) प्रस्तुत कर सकता है, जबकि मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बीएलए-2 प्रतिदिन अधिकतम 10 फॉर्म ही जमा करा सकते हैं। साथ ही फॉर्म में मतदाता की संपूर्ण जानकारी, मोबाइल नंबर, साक्ष्य एवं अंडरटेकिंग



संलग्न होना अनिवार्य है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि एसडीएम कार्यालय में नियमों के विरुद्ध एक राजनीतिक दल के कार्यकर्ताओं द्वारा एक ही दिन में सैकड़ों से लेकर हजारों की संख्या में फॉर्म-6 एवं फॉर्म-7 जमा किए गए, जो निर्वाचन आयोग के निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है।

कांग्रेस ने मांग की कि ऐसे सभी नियम-विरुद्ध जमा फॉर्मों पर कोई संज्ञान न लिया जाए, उनकी संकलित सूची पार्टी को उपलब्ध कराई जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए।

इस अवसर पर पीसीसी सचिव रियाजत खां, चूरू शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धान्धू, पंचायत समिति प्रतिपक्ष नेता धर्मेन्द्र बुडानिया, जिला उपाध्यक्ष जमील चौहान, मो. हुसैन निर्बाण, रमजान खान, अबरार खां, असलम खां मोयल, अजीज दिलावरखानी, विमल शर्मा, आरिफ रिसालदार, शिवकुमार शर्मा सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर मंडेलियां ने मीटिंग ली



**चूरू (विराट वैभव)।**

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी व राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया के निर्देशानुसार चूरू शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में जिला निर्वाचन अधिकारी चूरू व निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी विधानसभा चूरू को मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया में बिना किसी ठोस कारण एवं विवरण के बडी संख्या में फॉर्म-7 जमा किए जाने के संबंध में त्वरित हस्तक्षेप हेतु अनुरोध तथा जमा किए गए फॉर्म-6,7 एवं 8 की संकलित सूची उपलब्ध कराने के संबंध में ज्ञापन सौपा।

ज्ञापन में बताया गया कि राजस्थान प्रदेश में मतदाता पुनरीक्षण की प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संचालित की जा रही है। दिनांक 12 दिसम्बर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जा चुका है तथा दावे एवं आपतियाँ दर्ज कराने की अवधि दिनांक 12 दिसम्बर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई थी।

व्यक्तिगत मतदाता केवल एक ही फॉर्म (दावा अथवा आपति हेतु) प्रस्तुत कर सकता है, जबकि मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के बीएलए-2 प्रतिदिन अधिकतम 10 फॉर्म ही जमा करा सकते है। फॉर्म में मतदाता की सम्पूर्ण जानकारी उसका मोबाईल नम्बर साक्ष्य अंडरटेकिंग संलग्न होना आवश्यक है। जानकारी प्राप्त हुई है कि एसडीएम कार्यालय में नियमों के विरूद्व एक राजनैतिक दल के कार्यकर्ताओं द्वारा बल्क में एक ही दिन में सैकडों से लेकर हजारों की संख्या में फॉर्म 7 एवं फॉर्म 6 प्रस्तुत किए गए है, जो कि स्पष्ट रूप से निर्वाचन आयोग के निर्देशों का उल्लंघन है तथा ऐसे आवेदनों पर किसी भी प्रकार का संज्ञान नही लिया जाए।

ऐसे सभी नियम विरूद्व जमा फॉर्म-6, 7 एवं 8 की संकलित सूची कांग्रेस पार्टी को नियमानुसार उपलब्ध करवाई जाए। बल्क में जमा हुए आवेदनों पर किसी प्रकार का संज्ञान नही लिया जाए। साथ ही नियम विरूद्व आवेदन प्रस्तुत करने वाले व्यक्तियों के विरूद्व प्राथमिकी दर्ज कराकर आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जाए।इस अवसर पर पीसीसी सचिव रियाजत खां, चूरू शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धान्धू, पं.स. प्रतिपक्ष नेता धर्मेन्द्र बुडानिया, जिला उपाध्यक्ष जमील चौहान, मो. हुसैन निर्बाण, रमजान खान, अबरार खां, असलम खां मोयल, अजीज दिलावरखानी, विमल शर्मा, आरिफ रिसालदार, शिवकुमार शर्मा आदि मौजुद रहें।